# अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 31 अक्तूबर 2025
कार्तिक शुक्ल-नवमी
विक्रम संवत-2082




# टी-20 प्राइज मनी वूमेन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग और एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बृहस्पतिवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी वूमेन क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फर्स्ट का पांचवां और छठा लीग मैच हुआ। शुक्रवार को टूर्नामेंट का फाइनल सुबह नौ बजे से एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और देहरादून स्ट्राइकर्स वूमेन के बीच खेला जाएगा।



क्रिकेट टूर्नामेंट में शॉट लगाती महिला बल्लेबाज। स्रोत : आयोजक

बारिश के चलते टूर्नामेंट का पांचवां मैच सुबह कुछ देर से दिल्ली दबंग वूमेन और हल्द्वानी क्वीस के बीच आरंभ हुआ। इसमें दिल्ली की कप्तान गरिमा बिष्ट ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हल्द्वानी की बेहतरीन गेंदबाजी के चलते दिल्ली की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 67 रन ही बना सकी। जवाब में हल्द्वानी क्वीस ने 7.4 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बना लिए। इसी समय बारिश के चलते मैच फिर रोकना पड़ा। अंत में डीएलएस का सहारा लिया गया, जिसमें हल्द्वानी विजयी घोषित हुआ।

टूर्नामेंट का छठा और अंतिम लीग मैच भी बारिश से बाधित हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और देहरादून स्ट्राइकर्स वूमेन के बीच हुए इस मैच में टॉस जीत कर एसआरएमएस की कप्तान मुस्कान खान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बारिश के कारण 16-16 ओवर के इस मैच में एसआरएमएस की टीम ने सात विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाए। देहरादून स्ट्राइकर्स ने 15.5 ओवर में 85 रन बना कर तीन विकेट से एसआरएमएस को पराजित किया।

मैच में हृदेश कुमार और सौरभ कुमार अंपायर और अनुज शर्मा थर्ड अंपायर रहे। कुणाल ने स्कोरर और यूसुफ अंसारी ने कमेंट्री की जिम्मेदारी संभाली। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, वाइस प्रिंसिपल डॉ. ऋतु सिंह, सीईटीआर के डीन डॉ. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर फार्मेसी डॉ. नितिन शर्मा, कोच मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।